परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

अर्द्धवार्षिक परीक्षा (संकलित परीक्षा-I) वर्ष 2018-19

कक्षा - तीसरी विषय – हिंदी समय-3 घंटा पूर्णांक-80

नाम .... वर्ग..... अनुक्रमांक .... दिनांक ....

विद्यालय का नाम ....

ह. निरीक्षक:.................. ह.परीक्षक.................. ह.जाँचकर्ता ....

प्राप्तांक

[I]

प्रश्न [1]- पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो | [5]

एक बूढ़ी अम्मा थी | बिलकुल अकेली | घर का काम काज उसे खुद ही करना पड़ता था| सुबह उठकर कुएँ से पानी लाना, खाना बनाना आदि |वह रोज़ सुबह उठकर घर में झाड़ू लगाती तब तो सब ठीक रहता पर जैसे ही आँगन में जाती और झाड़ू लगाने के लिए झुकती,तभी आसमान उसकी कमर से टकराता |आसमान बार-बार अपनी हरकतदोहराता|

क - अम्मा कैसी थी ?

ख - अम्मा किसके साथ रहती थीं ?

ग - अम्मा के घर का काम काज कौन करता था ?

घ- कहानी से अनुनासिक [ँ] वाले शब्द चुनकर लिखो |

प्रश्न ङ - खाली जगह भरो |

आसमान बार-बार अपनी ----------------------- दोहराता |

प्रश्न 2- पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो | **[5]**

एक बुढ़िया थी | बुढ़िया का एक पोता था | पोता रोज़ रात में सोने से पहले दादी से कहानी सुनता |दादी रोज़ उसे तरह-तरह की कहानियाँ सुनाती | एक दिन मूसलाधार बारिश हुई | ऐसी बारिश पहले कभी नहीं हुई थी| सारा गाँव बारिश से परेशान था | बुढ़िया की झोपड़ी में पानी जगह-जगह से टपक रहा था – टिपटिप –टिपटिप | इस बात से बेखबर पोता दादी की गोद में लेटा कहानी सुनने के लिए मचल रहा था |

क - रोज़ तरह-तरह की कहानियाँ कौन सुनाता था ?

ख - सारा गाँव किससे परेशान था ?

ग - टिपटिप-टिपटिप पानी कहाँ टपक रहा था ?

घ - वचन बदलो |

कहानी ------------------------------------

ङ कहानी से चुनकर वाक्य पूरा करो |

एक दिन ------------------------- बारिश हुई |

प्रश्न 3- अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो| **[10]**

बरसात का मौसम था | सात रंगों वाला इन्द्रधनुष नीले आकाश पर बहुत सुंदर दिख रहा था| इन्द्रधनुष को अपने सुंदर रूप पर बहुत घमंड था | बूँदें इन्द्रधनुष का घमंड तोड़ना चाहती थीं | एक दिन वे सूर्य देवता के पास गईं और मदद माँगी | सूर्य देवता बूँदों की बात मान गए | अगले दिन जैसे ही बारिश रुकी घमंडी इन्द्रधनुष निकलने को तैयार हो गया पर सूर्य ने अपने आपको बादलों में छिपा लिया | जिससे इन्द्रधनुष निकल नहीं पाया | वर्षा ऋतु समाप्त होने वाली थी | अब इन्द्रधनुष परेशान हो गया | उसे सब समझ आ गया | वह सूर्य देवता व बूँदों की वजह से ही निकल पाता है |

क - इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं ? (1)

ख - इन्द्रधनुष कब निकलता है ? (1)

ग - बूँद का बहुवचन चुनकर लिखो | (1)

बूँद ----------------------- [बूँदें बूँदा बूँद]

घ - इन्द्रधनुष कैसा था ? गोला लगाओ | (1)

सीधा घमंडी हँसमुख

ङ - कहानी के हिसाब से सही पर गोला लगाओ | (1)

नीला आकाश काला आकाश छोटा आकाश

च - सही (√) या गलत (x) का निशान लगाओ | (1)

सूर्य देवता ने बूँदों की बात नहीं मानी | [----------]

छ - सूर्य के अर्थ पर गोला लगाओ | (1)

आसमान सूरज चाँद

ज - उलटे अर्थ वाले शब्द लिखो | (2)

रात x --------------------- दूर x ---------------------

झ - कहानी से चुनकर वाक्य पूरा करो | (1)

सूर्य ने अपने आपको ----------------------- में छिपा लिया |

[II]

प्रश्न 1- कौन किस पर अकड़ जमाता होगा ? [1]

आसमान में चाँद --------------- पर अकड़ जमाता होगा |

प्रश्न 2 - दो टोलियों में खेले जाने वाले खेल के नाम लिखो | [1]

1 ----------------------------

प्रश्न 3 - प्रश्नों के उत्तर लिखो |

[क] तुम्हारा मन कब-कब चिड़िया बन जाने को करता है ? [2]

[ख] किन-किन बातों पर तुम्हें अक्सर टोका जाता है ? [2]

[ग]   तुम किस किसको टिपटिपवा कहोगे ? **[2]**

[घ] शेर ने भेड़िए की पूँछ के साथ अपनी पूँछ क्यों बाँध ली ? **[2]**

[III]

प्रश्न.1- टिपटिपवा कहानी में अगर मूसलाधार बारिश की बजाय बूँदा-बाँदी होती, तो क्या होता? **[5]**

यदि उस रात बूँदा-बाँदी होती तो --

प्रश्न 2 - शेर के बारे में पाँच वाक्य लिखो | **[5]**

[IV]

प्रश्न 1- काम वाले शब्द चुनकर लिखो| **[1]**

क] झाड़ू   ख] आसमान   ग] तोड़ना   घ] अम्मा

प्रश्न 2- लिंग बदलो | **[2]**

बैल ------------------ घोड़ा -------------------------

प्रश्न ३- सही क्रम में लगाकर वाक्य बनाओ | **[1]**

से एक पाला आज पड़ गया राक्षसी |

प्रश्न 4 - **ज** और **ज़** पर लगे नुक्ता वाले शब्द लिखो | [2]

ज --------------------- **ज़** ---------------------

प्रश्न 5 किसने किससे कहा ? **[1]**

" हमारी गाय तो बड़ी मरियल है | उससे तुम्हारा क्या बनेगा ? "

प्रश्न.6- वचन बदलो | **[1]**

जैसे :- कहानी – कहानियाँ

तितली ----------------------------------

प्रश्न 7- वर्णमाला क्रम के आधार पर सही पर (√) का निशान लगाओ | **[1]**

क] गाय मगर शहतूत चटनी ( )

ख] शहतूत चटनी मगर गाय ( )

ग] गाय चटनी मगर शहतूत ( )

प्रश्न 8 - उलटे अर्थ वाले शब्द लिखो | **[2]**

सुबह ---------------- अंदर ------------------

प्रश्न 9- समान तुक वाले शब्द पर गोला ◯ लगाओ | **[1]**

बोली [खोता डोली कक्कू]

प्रश्न 10- 'ऊपर' और 'नीचे' का प्रयोग करते हुए वाक्य पूरा करो | **[2]**

झाड़ू का -------------- वाला हिस्सा आसमान पकड़े हुए था तो ------------------ वाला अम्मा |

प्रश्न 11- नाम वाले शब्द चुनकर लिखो| **[1]**

क] पकाना ख] चमकाना ग] चाँद घ] बुहारना

[V]

प्रश्न 1- पंक्तियाँ पूरी करो | **[2]**

[सूरज कोयल बोल शोर]

मन करता है ----------------- बनकर

मीठे- मीठे ------------------ सुनाऊँ |

प्रश्न 2- इसे किस नाम से बुलाया जाता है ? **[1]**

जिसका कद छोटा हो | --------------------- [छुटकी , गप्पू, गोलू]

प्रश्न 3- खाली जगह पर उचित शब्द भरो | **[1]**

घोड़ा ------------------------ में रहता है | [अस्तबल , माँद]

प्रश्न 4- जोड़े मिलाओ | **[4]**

शेर	भिन-भिन-भिन
धोबी	चतुर
मक्खी	दहाड़
लोमड़ी	गधा

प्रश्न 5- खूँटे से क्या बाँधा जाता है ? **[1]**

प्रश्न 6- यह आवाज़ कब सुनाई पड़ती है ? **[1]**

खर्र – खर्र ------------------------------------

[VI]

प्रश्न 1- वर्ण को सही क्रम में लगाकर शब्द सही करो | **[1]**

क नी हा -----------------------

प्रश्न 2- इनके पास अक्सर किन-किन को उड़ते-मँडराते देखा है? **[1]**

फूलों पर --

प्रश्न 3- शेखीबाज़ मक्खी पाठ के हिसाब से बताओ | कौन क्या ? **[1]**

समझदार ---------------------------

प्रश्न 4- सफ़ाई के नाम से जुड़े हुए शब्द लिखो | **[1]**

जैसे- झाड़ना

प्रश्न 5 - सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो | **[2]**

[किस्मत चूँचपड़ जँच]

पत्नी की बात धोबी को ----------------- गई |

बाघ बिना ----------------------------किए धोबी के साथ-साथ चल दिया |

प्रश्न 6- अनुस्वार [ं] और अनुनासिक [ँ] लगाओ | **[2]**

चादनी -------------------- **पतग** ------------------------

प्रश्न 7- चित्रों के नाम लिखो | **[2**





------------------------------ ----------------------------

[VII]

प्रश्न 1- नीचे लिखे अनुच्छेद देखकर सुलेख लिखो| **[5]**

गीतू और मीतू पाठशाला पहुँचे |गीतू ने कहा –‘चलो सुलेख लिखते हैं’ | ‘सुलेख क्या’? – मीतू ने पूछा | ‘जब हम अक्षरों को सुंदर बनाकर लिखते हैं तो उसे सुलेख कहते हैं’ |अच्छा ! और जब अध्यापिका बोलती हैं और हम सुनकर लिखते हैं तो उसे क्या कहते हैं ? उसे श्रुतलेख कहते हैं|

****